# नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 294 इकाइयां होंगी स्थापित

अमर उजाला ब्यूरो

## नंद बाबा दुग्ध मिशन की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लगी मुहर

## योजना के तहत 10 स्वदेशी नस्ल की गायों को खरीदने पर मिलती है 50% सब्सिडी

लखनऊ। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को इस तरफ आकर्षित करने के लिए नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौवंश की 294 इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इस पर 17.30 करोड़ खर्च होंगे। बची राशि का व्यय मिशन की विभिन्न योजनाओं में किया जाएगा।

यह सहमति मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई नंद बाबा दुग्ध मिशन की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बनी। बैठक में मुख्य सचिव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिशन के लिए कुल बजट 7421.08 लाख के सापेक्ष तैयार कार्य योजना को अनुमोदन दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना को दूसरे चरण में बचे हुए 57 जिलों में भी लागू करने का निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार नंदिनी कृषक समृद्धि योजना को दूसरे चरण में प्रदेश के शेष आठ मंडल मुख्यालय वाले जिलों में 40 इकाइयां का संचालन किया जाएगा।

नंदिनी कृषक समृद्धि योजना स्वदेशी नस्ल के 10 गायों की योजना है। इसमें साहीवाल, गिर एवं थारपारकर प्रजाति के गौवंश प्रदेश के बाहर से खरीदने पर 50% सब्सिडी दी जाती है। एक इकाई के लिए 23.60 लाख दिए जाते हैं।

लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दो किश्तों में लाभार्थी को दिया जाता है। जिला स्तर पर लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति करेगी। मुख्य सचिव ने लाभार्थियों के आवेदन के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन का पोर्टल एक माह में हर हाल में तैयार करने के निर्देश दिए।